भारत सरकार
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न सं.1410**
जिसका उत्तर 10.02.2022 को दिया जाना है
**सरकारी कार्यालयों में इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग**

1410. श्री प्रताप चंद्र षडङ्गी:
श्री पी. पी. चौधरी:
श्री बृजभूषण शरण सिंह:
श्री राम कृपाल यादव:
श्री जगदम्बिका पाल:
श्री अनिल फिरोजिया:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) सरकार द्वारा उपयोग किए जा रहे वाहनों की कुल संख्या कितनी है और उक्त वाहनों में से विद्युत वाहनों की संख्या कितनी है;
(ख) क्या सरकार का विचार सरकारी उद्देश्यों के लिए शत प्रतिशत इलेक्ट्रिकल वाहनों का उपयोग करने का है;
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त लक्ष्य को प्राप्त करने की अनुमानित लागत कितनी है; और
घ) सरकारी परिसरों में अब तक स्थापित इलेक्ट्रिक वाहनों के चार्जिंग स्टेशनों की संख्या कितनी है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) 04-02-2022 तक सरकारी एजेंसी/विभाग द्वारा प्रयोग में लिए जाने वाले वाहनों की कुल संख्या और उक्त वाहनों में से विद्युत वाहनों की संख्या अनुबंध-। में उल्लिखित है।
(ख) और (ग) ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।
(घ) देश में सरकारी परिसरों में स्थापित इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशनों का राज्यवार विवरण का उल्लेख अनुबंध-॥ में किया गया है।

**'सरकारी कार्यालयों में इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग' के संबंध में श्री प्रताप चंद्र षडङ्गी, श्री पी. पी. चौधरी, बृजभूषण शरण सिंह, श्री राम कृपाल यादव, श्री जगदम्बिका पाल और श्री अनिल फिरोजिया द्वारा पूछे गए दिनांक 10.02.2022 के लोक सभा लिखित प्रश्न सं. 1410 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध-1**

| क्र. सं. | सरकारी एजेंसी / विभाग | सरकार द्वारा प्रयोग में लाए जा रहे वाहनों की कुल संख्या | सरकार द्वारा प्रयोग में लाए जा रहे वाहनों में इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | स्वायत्त निकाय | 37573 | 755 |
| 2 | केंद्रीय सरकार | 98461 | 578 |
| 3 | सरकारी उपक्रम | 164748 | 1273 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4 | स्थानीय प्राधिकरण | 29083 | 1352 |
| 5 | पुलिस विभाग | 16117 | 3 |
| 6 | राज्य सरकार | 386758 | 1237 |
| 7 | राज्य परिवहन निगम / विभाग | 114804 | 186 |
| | कुल जोड़ | 847544 | 5384 |

टिप्पणी: -

1. उपरोक्त आंकड़ा सरकार/सरकारी एजेंसियों के नाम पर पंजीकृत वाहनों की संख्या से संबंधित है।

2. दिए गए विवरण केंद्रीकृत वाहन 4 के अनुसार डिजीटल वाहन रिकॉर्ड के लिए हैं और आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, तेलंगाना और लक्षद्वीप के लिए डेटा प्रदान नहीं किया गया है क्योंकि वे केंद्रीकृत वाहन 4 में नहीं हैं।

**'सरकारी कार्यालयों में इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग' के संबंध में श्री प्रताप चंद्र षडङ्गी, श्री पी. पी. चौधरी, बृजभूषण शरण सिंह, श्री राम कृपाल यादव, श्री जगदम्बिका पाल और श्री अनिल फिरोजिया द्वारा पूछे गए दिनांक 10.02.2022 के लोक सभा लिखित प्रश्न सं. 1410 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध-2**

| क्र. सं. | राज्य का नाम | सरकारी परिसरों में इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन (सं.) |
|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 24 |
| 2 | बिहार | 01 |
| 3 | छत्तीसगढ़ | 04 |
| 4 | दिल्ली | 17 |
| 5 | गोवा | 01 |
| 6 | कर्नाटक | 02 |
| 7 | केरल | 12 |
| 8 | मध्य प्रदेश | 07 |
| 9 | महाराष्ट्र | 09 |
| 10 | मेघालय | 04 |
| 11 | राजस्थान | 02 |
| 12 | तेलंगाना | 26 |
| 13 | उत्तर प्रदेश | 03 |

| | | |
|---|---|---|
| 14 | उत्तराखंड | 03 |
| 15 | पश्चिम बंगाल | 01 |
| | जोड़ | 116 |

*****